तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

12 युवाओं को हुनर सीखने में जुटा संयंत्र, दिया ...

12 नगर पंचायत में बढ़ा पेयजल संकट




## मामले में योगेंद्र के साथ दो अन्य आरोपी गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

# किसान ने की आत्महत्या, जिला पंचायत सदस्य के पति पर प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/कटगी

ग्राम लखमईसत्ती में रहने वाले बुजुर्ग किसान चंद्रिका साहू पिता राजू साहू ने कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने कटगी निवसी योगेंद्र विमल देवांगन सहित दो अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 31 मार्च को किसान चंद्रिका साहू के घर पहुंचकर योगेंद्र विमल देवांगन और उनके साथियों द्वारा मारपीट कर धमकी और अश्लील गाली गलौज की गई थी। इससे भयभीत एवं व्यथित होकर किसान चंद्रिका साहू द्वारा दोपहर के वक्त घर में रखे कीटनाशक नामक दवा का सेवन कर लिया। इसकी जानकारी लगते ही परिजनो ने तुरंत चंद्रिका साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान कुछ घंटों के भीतर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले पर कुसुम साहू द्वारा कसडोल थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी गई। इसके बाद देर रात ही आरोपी योगेंद्र विमल देवांगन सहित दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया है।

### परिजनों ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी

मृतक की बहू कुसुम साहू ने थाना पहुंचकर योगेंद्र विमल देवांगन, पंकज देवांगन और अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए उनकी प्रताड़ना के कारण ही चंद्रिका साहू द्वारा कीटनाशक पीने से उनकी मौत हो जाने की जानकारी देते हुए आरोपियों के खिलाफ प्रथम सूचना दर्ज कराते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने व सख्त सजा दिलाने की मांग रखी।




### योगेंद्र विमल देवांगन सहित दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 296, 115(2), 351(3), 333, 108, 3(5) बीएनएस की धारा पंजीबद्ध कर विवेचना जारी रखी है। मामले में योगेंद्र विमल देवांगन सहित उनके दो अन्य साथी पंकज देवांगन व फिरू यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### विवाद का कारण

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी योगेंद्र विमल देवांगन जो कि जिला पंचायत सदस्य का पति है, वह गांव में शासकीय घास जमीन पर रेत डंप करवा रहा था। किंतु मृतक चंद्रिका साहू वहां पर रेत डंप नहीं करने की बात कह रहा था। जिससे मृतक और योगेंद्र विमल देवांगन के बिच विवाद हुआ था तथा विवाद होने के बाद आगबबूला होकर योगेंद्र विमल देवांगन अपने कुछ साथियों को लेकर मृतक के घर पहुंचकर अश्लील गाली–गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। मृतक मारपीट व अपशब्द कहे जाने से व्यथित तथा जाने से मारने की धमकी से भयभीत हो गया था। घटना के वक्त जब उनकी बहुओ द्वारा मारपीट गाली गलौज की वजह पूछने के दौरान ही मानसिक तनाव और दहशत के कारण किसान चंद्रिका साहू ने मौके स्थल पर ही आरोपियों के सामने कीटनाशक पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।

# शराब की अवैध बिक्री रोकने ग्रामीण हुए एकजुट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है, जिससे बड़ों के साथ अब बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं। अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाएं लामबंद हो गई हैं। महिलाओं ने एकजुट होकर अवैध शराब बिक्री को बंद कराने का फैसला लिया है। महिलाओं का कहना है कि गांव में अवैध शराब बिक्री होने की वजह से बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं, क्योंकि यह आसानी से मिल जा रही है। शराब के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। रोज लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज आम बात हो गई है। गांव में अवैध शराब के वजह से एक युवा आत्महत्या कर चुका है तथा गांव में अशांति फैल रही है, जिससे दहशत का माहौल है। अवैध शराब, गाली गलौज व जुआ बंद कराने के लिए गांव की महिलाएं व ग्रामीण एकजुटता के साथ गली भ्रमण करते हुए विरोध दर्ज कराया, जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव, लोचन वर्मा, मोना वर्मा, रुखमणी वर्मा, दंतेश्वरी धीवर, सुनीता टंडन, शकुन देवांगन, शशी मानिकपुरी, गोदावरी वर्मा, शारदा धीवर, कामिनी यादव, सुशीला खुंटे, सरस्वती धीवर, दुलारी वर्मा, लता देवांगन, पूजा वर्मा, उर्मिला वर्मा, शांति धीवर, संतोष धीवर, राजेन्द्र यदु, बलीराम यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

■ गांव में माहौल खराब होने से महिलाओं ने लिया एक्शन

# महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगर में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने गणगौर उत्सव धुमधाम से मनाया। गणगौर पूजन का महत्व सुख-समृद्धि, भाईचारा के लिए मारवाड़ी समाज के महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव होली के बाद से नवरात्रि पर्व तक मनाया जाता है। शिव–पार्वती की प्रतीमा को लेकर घर–घर जाकर आरती पूजन, भोग का कार्यक्रम रखा जाता है। सिमगा में माहेश्वरी परिवार द्वारा कार्यक्रम रखा गया था। इसी तारतम्य में स्वर्णा शर्मा के यहां ईशर गवर माता को लेकर रात्रि विश्राम के ▶▶ शेष पेज 12 पर

## उपसरपंच ने बच्चों को परोसा न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह कला में उपसरपंच भागदास चतुर्वेदी ने स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को सेव, मिच्चर, जलेबी, केला, बिस्किट दिया गया। इस अवसर पर राजेंद्र वर्मा समिति अध्यक्ष प्राथमिक एवं पूर्व विद्यालय भरूवाडीह खुर्द, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल भरुवाडीह खुर्द, मध्यान भोजन अध्यक्ष प्यारी निषाद एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। विद्यालय संस्था प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने उपसरपंच को न्योता भोज के लिए आभार जताया।

■ बच्चों को सेव, मिच्चर, जलेबी, केला बिस्किट दिया



## महाराजा गुह्यराज निषाद की शोभायात्रा आज

**गिधौरी।** कसडोल विधानसभा अंतर्गत अमोदी गांव में महाराजा गुह्यराज निषाद की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। वहीं उत्तर प्रदेश के प्रभात निषाद महाराज के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अमोदी से शिवरीनारायण के लिए भव्य शोभायात्रा आज निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों मोटरसाइकिल वाहन में शामिल होंगे। महाराजा गुह्य राज निषाद की छायाचित्र सुसज्जित रथ में विराजमान रहेगी। धार्मिक गीतों के साथ अमोदी से धमलपुर, हसुवा, बरपाली, गिधौरी होते हुए शबरी सेतु मार्ग से होते हुए शिवरीनारायण के पुल चौक, अंबेडकर चौक, बॉम्बे मार्केट, नटराज चौक, शबरी चौक होते हुए होते हुए महानदी रामघाट किनारे स्थित श्रीराम जानकी चौबीस अवतार भगवान केवट मंदिर शिवरीनारायण पहुंचकर संपन्न होगा। इसके आवश्यक तैयारी में केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के महासचिव रमेश चंद्र केवट, उत्तर प्रदेश के प्रभात महाराज, चिल्हाटी के प्रवेश निषाद, शिवरीनारायण के अजय, उग्रेश्वर गोपाल , गिधौरी के सरपंच देव प्रसाद गोलू सहित अनेक समाजसेवी तैयारी में लगे हैं।

## सीसी सड़क का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी के वार्ड 9 में 11 लाख की लागत से सीसी सड़क का निर्माण किया जायेगा। इसका विधिवत भूमिपूजन नपाध्यक्ष नंदेश्वर साहू, पार्षद दिनेश साहू, लखन यादव, शीतल साहू, कमलेश चतुर्वेदी, ईश्वर, चुरामन साहू, झम्मन साहू, चद्रिरका साहू, मनीष चन्द्राकर द्वारा किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नंदेश्वर साहू ने कहा कि विकास कार्य में कोई कमी नहीं रखेंगे। वहीं सीसी रोड बनने से नगरवासियों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित थे।



## दुकान का ताला तोड़ 26 बाटल देशी मदिरा पार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शराब दुकान का ताला तोड़कर चोर ने सोमवार की रात 26 नग देशी मदिरा पार कर दिया। चोरी की घटना 1 मार्च को सुबह शराब दुकान के संचालक को मिली, जहां उन्होंने थाने में चोरी की घटना दर्ज करायी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 1 अप्रैल को शासकीय देशी शराब दुकान सिमगा के सुपरवाइजर विकास यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रतिदिन की तरह 31 मार्च को रात में दुकान बंद होने पर ताला लगा कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 7 बजे फोन से सूचना मिली कर कि दुकान के अंदर शराब का कार्टून खाली है एवं सब अस्त–व्यस्त पड़ा है। शराब दुकान अंदर जाकर देखा तो दुकान से 26 नग देशी मदिरा मसाला कीमत



2860 को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर सिमगा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर धारा 331 (4), 305 (I) बीएनएस के तहत विवेचना में ले लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट के 6 घंटे के भीतर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी लकेश्वर ध्रुव उम्र 20 साल निवासी ग्राम ओटगन थाना तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### सात अप्रैल से होगा शुरू, अफसर रहेंगे मौजूद

# राजस्व पखवाड़ा में समस्याओं को होगा त्वरित निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 7 से 21 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा आयोजन के सम्बन्ध में अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व पखवाड़ा में तहसीलदार, आरआई, पटवारी एवं कोटवार भी मौजूद रहेंगे। पखवाड़ा में स्थल पर ही अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण करने का प्रयास हो।

■ समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने ई–शासन प्रणाली का उपयोग करने दिया जोर




उन्होंने नगरीय निकायों में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए टैंकरों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल अंतर्गत विभागों के लिए तय किये गए मानक संकेतकों के अनुसार योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने ई–ऑफिस संचालन हेतु कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारियों की जानकारी संकलित करने तथा आवश्यक प्रविष्टि के लिए एनआईसी के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये। बैठक में केंद्रीय सहित राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पेयजल की व्यवस्था के लिए विभाग अलर्ट रहे

कलेक्टर ने नये वित्तीय वर्ष में शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने तथ इस वर्ष की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व न्यायालयों मे लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने तथा लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की व्यवस्था के लिए सभी सम्बंधित विभागों को अलर्ट रहने तथा समस्या का त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिये।












संकलनकर्ता- शंकर सिंह राजपूत, मो.- 9826123186, परमेश्वर वर्मा, मो.- 7987665508, हरिभूमि-हिरमी


मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. जे.पी. नड्डा
मा.विष्णुदेव साय
मा.रमन सिंह
मा. विजय शर्मा
मा. अरूण साव
मा. किरण सिंह देव
मा. बृजमोहन अग्रवाल
मा. ओपी चौधरी
श्री आनंद यादव
भाजपा जिला अध्यक्ष
बलौदाबाजार
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल
अध्यक्ष, जिला पंचायत बलौदाबाजार
श्री प्रमोद शर्मा
पूर्व विधायक
बलौदाबाजार
श्री मोहनलाल वर्मा
जिला पंचायत सदस्य
बलौदाबाजार
श्री दौलत राम पाल
अध्यक्ष जनपद पंचायत
सिमगा
श्री हेमंत बघमार
भाजपा मण्डल
अध्यक्ष सुहेला
मान. टंकराम वर्मा
मंत्री- युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन (छ.ग. शासन)
ग्राम पंचायत मोहरा
विकासखंड सिमगा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा
समस्त क्षेत्रवासियों को
चैत्र नवरात्र पर्व एवं हिन्दू नव वर्ष की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती तारणी जवाहर वर्मा
सरपंच
जवाहर वर्मा
सरपंच प्रतिनिधि
श्री चन्दन डहरिया
उपसरपंच
श्री इंद्र सेन वर्मा
सचिव
सत्यनारायण टंडन
रोजगार सहायक
श्रीमती पुष्पा सुखनंदन चेलक
जनपद सदस्य
समस्त पंचगण
श्रीमती सविता साहू
विजय सेन
चम्मन लाल वर्मा
श्रीमती विनीता वर्मा
श्रीमती पूर्णिमा धुरंधर
मनीष वर्मा
श्रीमती ईश्वरी वर्मा
श्री राजकुमार बाघमार
श्रीमती निर्मला वर्मा
श्रीमती माया वर्मा
श्रीमती लक्ष्मी जांगडे
श्री रामाधार घृतलहरे
श्रीमती केरा बाई
श्री मंतोष डहरिया
श्रीमती सरस्वती डहरिया
श्री शोभा यदु
श्रीमती अहोत्री बंछोर
श्री पूरण जनस्वामी
श्री संतोष बंजारे
विनीत- सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-मोहरा
संकलनकर्ता- शंकर सिंह राजपूत, मो.- 9826123186, परमेश्वर वर्मा, मो.- 7987665508, हरिभूमि-हिरमी

## खबर संक्षेप




### संयंत्र ने कराया दो आंबा केंद्रों का सौंदर्यीकरण

**हिरमी-रावन।** ग्राम पंचायत मोहरा में शाला पूर्व अनौपचारिक शिशु शिक्षा को बढ़ावा देने तथा नन्हें बाल मन को आंगनबाड़ी की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दो आंगनबाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण कार्य किया गया। इस पहल के माध्यम से केंद्रों को सुंदर, आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक स्वरूप प्रदान किया गया। गौरतलब है कि हाल ही में ग्राम पंचायत मोहरा स्थित दो आंगनबाड़ी केंद्रों का रंगरोगन किया गया, जिसके साथ ही आकर्षक चित्रकारी एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी से संबंधित लेख अंकित किए गए। इसके अतिरिक्त, बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक एवं सहज बनाने हिन्दी एवं इंग्लिश गिनती चार्ट, वर्णमाला चार्ट, पशु–पक्षी, जंगली जानवर, फूल एवं फल से संबंधित पेंटिंग कार्य भी संपन्न किया गया। इस सौंदर्यीकरण कार्य के पूर्ण होने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रिका वर्मा एवं मीना वर्मा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों को नए स्वरूप में देखकर खुशी जाहिर की। अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग की इस पहल से न केवल आंगनबाड़ी केंद्रों का वातावरण अधिक शिक्षाप्रद एवं मनोहर बना है, बल्कि यह बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को भी एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन में जिले के दूर दराज ग्रामों से आये लोगों की कलेक्टर दीपक सोनी ने समस्यायें सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। जनदर्शन में लगभग 65 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम गोड़ा निवासी भानु सोनी ने अपने जमीन की बी-1 खसरा में सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में बताया गया कि वर्ष 2013 में जमीन खरीदा था, जिसकी रजिस्ट्री व प्रमाणीकरण उसी समय पूरा हो गया था। अब बी-1 निकालने पर खसरा नंबर एवं नाम में त्रुटि है। इसी प्रक्रार तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम दशरमा निवासी लीला बाई पति हेम लाल साहू ने पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए बोर खनन के लिए आवेदन प्रस्तुत की। उन्होंने आवेदन में बताया कि मशीन से बोर खनन कराया जा रहा था, गांव के कुछ लोगों द्वारा बंद करा दिया गया।

# युवाओं को हुनर सीखने में जुटा संयंत्र, दिया जा रहा बेसिक प्लम्बर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा कार्यक्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को आवश्यक प्लंबिंग कौशल से लैस करने के लिए दो महीने का रोजगार उन्मुखी बेसिक प्लम्बर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्लम्बर प्रशिक्षण से रोजगार के अपार अवसर तथा कुशल कर्मियों को ध्यान में रख कर इस विशेष प्रशिक्षण का आयोजन संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं एचआर हेड करन मिस्त्री के निर्देशन में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण को अल्ट्राटेक रावन सीएसआर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में पाइप फिटिंग, लीकेज रिपेंयरिंग, सेनिटेशन सिस्टम और

**प्रशिक्षण में शामिल है पाइपलाइनों को काटना, थ्रेड करना, जोड़ना, प्लम्बिंग और सेनिटरी फिक्सर**




**16 प्रशिक्षुओं ने लिया प्रशिक्षण**

आसपास के गांवों से कुल 16 प्रशिक्षुओं ने इस निःशुल्क कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र तथा साथ ही साथ टुलकीट भी प्रदान किये जायेंगे, जिससे स्वरोजगार या नौकरी मिलने की उनकी संभावनाएं बढ़ेंगी। युवाओं के उत्साह को देखते हुये एक नये प्रशिक्षण बैंच की शुरुवात आगामी महीने में की जायेगी। इस दो माह के प्रशिक्षण के सफल आयोजन हेतु सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं अधिकारी ज्योत्सना पति तथा रंजय पाण्डेय एवं टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, ताराचंद वर्मा, द्वारिका वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, टोपेश्वर मानिकपुरी एवं रमा वर्मा की भागीदारी रही।

जल प्रबंधन में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करके रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। अनुभवी विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारा सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों तरह के सत्र आयोजित किया जा रहे हैं। कोर्स के पाठ्यक्रम में पाइपलाइनों को काटना, थ्रेड करना, जोड़ना और परीक्षण, प्लम्बिंग और सेनिटरी फिक्सर, मूल भवन निर्माण, पम्प और उसकी स्थापना प्रचालनों और प्रक्रियाओं से संबंधित विभिन्न प्लम्बिंग का प्रदर्शन, कार्य को एक स्वस्थ सुरक्षित और निरापद वातावरण का रखरखाव करना शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को निर्माण किये जा रहे भवनों तथा अलग-अलग जगह में ले जाकर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है।

## करोड़ों खर्च कर बनाई गई पानी टंकी, नगरवासियों को नहीं मिल रहा लाभ

# नगर पंचायत में बढ़ा पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा हर घर जल, हर घर नल योजना का शुभारंभ किया गया है। देश के गांव शहर के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी पहुंच सके, जिसके लिए सरकार द्वारा प्रत्येक घर तक नल का कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। वहीं प्रदेश के बड़े नगर पंचायतों में से एक बलौदाबाजार जिला अंतर्गत नगर पंचायत लवन विगत 23 वर्षों से पानी की विकराल समस्या से जूझ रहा है। यहां पेयजल के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद भी नगरवासियों को सुचारु रूप से पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। विगत 10-15 दिनों से पानी की भयंकर समस्या उत्पन्न हो गई है। नगर के ज्यादातर नलों में पानी नहीं आने के कारण नगर वासियों बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। विदित हो कि शासन द्वारा करोड़ों रुपया खर्च कर फिल्टर प्लांट तो बना दिया गया है, लेकिन फिल्टर प्लांट में सुचारू रूप से पानी सप्लाई नहीं होने के कारण नगरवासियों को पेयजल के लिए वंचित होना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि इस फिल्टर प्लांट में पंडरिया एनीकट पंप हाउस से पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन उस एनीकट में पानी ही नहीं होने के कारण फिल्टर प्लांट में पानी सप्लाई पूरी तरह से बंद है, जिससे पानी की समस्या बनी हुई है। अभी आगामी दिनों में और भीषण गर्मी आने को है। पानी की समस्या को लेकर यदि कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो निसंदेह गर्मी में नगरवासियों को पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। विदित हो कि पूर्व में लवन में पानी सप्लाई हेतु कुल तीन पानी टंकी बनी है, उस टंकी में तीन पंप के माध्यम से पानी पहुंचता है, जिसमें से दो बूढ़ापारा, एक नगर पंचायत जिसमें वार्ड क्र.2, 12 13, 14 एवं 15 वार्डों में पानी की सप्लाई की जाती है। वहीं ग्राम डोंगरीडीह पंप हाउस के माध्यम से वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 6 वार्ड में पानी पहुंचता है, लेकिन बड़ा नगर पंचायत एवं ज्यादा आबादी के कारण हमेशा पानी की समस्या बनी रहती है। नगर वासियों को फिल्टर प्लांट से सुचारू रूप से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

**अब टैंकर के भरोसे वार्डवासी, पानी लेने लग रही भीड़**




**करोड़ों के फिल्टर प्लांट में कर्मचारी नियुक्त नहीं**

नगर में फिल्टर प्लांट बने लगभग 8 से 10 वर्ष हो गए हैं, लेकिन आज तक यहां कोई भी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिसके कारण फिल्टर प्लांट में कचरा का अंबार लगा है। गंदगी का आलम है, वहां सफाई व्यवस्था भी नहीं हैं। लोग यदि फिल्टर प्लांट का सैर कर ले तो पानी पीना ही छोड़ देंगे। वहां लगे वाटर लैब टेस्टिंग मशीन भी खराब पड़ी है। पानी में समय-समय पर एलम और चुना डालना भी भगवान भरोसे है। पार्षद एवं अधिकारियों का कहना है कि फिल्टर प्लांट में कार्य करने ऊपर सेटअप कर्मचारियों की मांग की गई है, लेकिन ऊपर से नियुक्ति नहीं होने के कारण वहां कोई कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है।

## उत्साह के साथ मनी ईद : मुल्क की सलामती के लिए मांगी दुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में ईद का त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही ईदगाह एवं मस्जिदों में नमाज का सिलसिला शुरू हो गया।

ईमाम ने नमाज से पहले अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमानों को अल्लाह के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देता है। नमाज के बाद नमाजियों ने मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआएं की, फिर सलातो सलाम पढ़ा उसके बाद गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

ईद के दिन लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाई देते रहे। बच्चों को ईदी के रूप में उपहार दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था में मस्जिदों और ईदगाह पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### नगर में हर्षोल्लास से मना ईद पर्व



**हथबंद।** अंचल में मुस्लिम भाईयों ने ईद त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। जामा मस्जिद हथबंद में ईद की नमाज मौलाना शकील अहमद ने पढ़ाई। तकरीर में उन्होंने कहा इस्लाम आपसी भाईचारे और शांति का पैगाम देता है। नमाज के बाद देश की प्रगति उन्नति और अमन चैन की दुवा मांगी। सभी आपस में गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए खुशियों का इजहार किया। कौम के नवजवानों ने मीठी सेवई और शरबत का इंतजाम किया था। पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था हेतु पुलिस तैनात की गई थी। इस अवसर पर समाज के मुबारक हुसैन, इनायत खान, रज्जाक खान, रसीद खान, ताज खान, अनवर खान, शमीम खान, मुकीम अहमद, रियाजउद्दीन कुरैशी, डॉ. इकबाल हुसैन, इमरान हुसैन, इब्राहिम खान, हकीम खान, मोहसिन खान, फैजल खान, शाहिद खान, याकूब खान, वकील खान, सलमान खान, अशरफ खान, रेहान खान, तौसीफ खान, पीर अली यासीन अली उपस्थित थे।

### चेतना का नवोदय में चयन

**धमतरी।** प्राथमिक शाला सियादेही की कुमारी चेतना पिता गोपीराम नागेश का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। इनके मार्गदर्शक शिक्षक डीएम सिंह पटेल एवं शिक्षिका श्रीमती सत्यभामा साहू हैं।

## सेवानिवृत्त रामलाल का सम्मान कर विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ग्राम बांसबिनौरी निवासी रामलाल सेन वर्क सरकार श्रेणी–2 केंद्रीय जल आयोग विभाग रामपुर में पदस्थ के 60 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर बिदाई दी गई। उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं गांव के गणमान्य नागरिकों ने श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया। बीएल ध्रुव पूर्व सहायक आयुक्त परिवहन विभाग ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी सेन एक कर्मठ, मृदुभाषी, निःस्वार्थ भाव, अपने कार्य के प्रति इमानदार कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासन प्रिय थे। सम्मान पाकर सेवानिवृत्त सेन भावुक हुए उन्होंने कहा कि यही मेरी जीवन भर की पूंजी है। इस अवसर पर बीएल ध्रुव सेवानिवृत उपायुक्त परिवहन विभाग, डॉ. बीएस ध्रुव बीएमओ पलारी, सहदेव सेन, अर्जुन सेन आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पंडवानी कलाकार, सीताराम सेन, पंवर सिंह ध्रुव, नरोत्तम साहू, राकेश कुमार पाण्डेय, जीआर कैर्वत्य सेवानिवृत प्राचार्य, आर पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नपा कर्मचारी भुवनेश्वर को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका में 41 वर्ष की निरंतर सेवा देने के साथ ही कार्य के प्रति निष्ठा रखने वाले सहायक राजस्व निरीक्षक भुवनेश्वर साहू को सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कार्यों की सराहना करते हुये 41 वर्ष नगर पालिका को देने वाले भुवनेश्वर साहू को शाल श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। सेवानिवृत्त होने के पश्चात आयोजित सम्मान समारोह पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा सम्मान किया गया व पुष्पहार पहना कर अभिनंदन किया गया। भुवनेश्वर साहू द्वारा 1984 से 1990 तक 6 वर्ष सेंघवा म.प्र. में 1991 से 1996 तक 06 वर्ष सिमगा नगर पंचायत व 1 अगस्त 1996 से 31 मार्च 2025 तक 29 वर्ष नगर पालिका बलौदाबाजार में पदस्थ रहें। सहायक राजस्व निरीक्षक भुवनेश्वर साहू के बिदाई समारोह के अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, मनोजकांत पुरेना, वरिष्ठ नेता टेसूलाल धुरंधर, योगेश अग्रवाल, ध्यानु गुप्ता, सुधीर जैन, जितेन्द्र जैन, पार्षद सुरेश कुमार घृतलहरे नगर पालिका के लेखापाल दुर्गेश कुमार साहू, मनोज कश्यप, उपअभियंता विनोद यादव, राजस्व प्रभारी प्रसुन शर्मा, गणेशराम पाड़े, शतेन्द्र सिन्हा, तुलसीराम यादव, अमित वर्मा, जय वर्मा, रामनरेश मतावले, किशोर यादव, कैलाश सोनी, कृष्णा गेण्डरे, नंद किशोर नेताम, धनेश पटेल, संजय कुमार साहू, रजनीश मिश्रा, गुरूदत्त तिवारी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### राजस्व पखवाड़ा में ..

की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत, पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### महिलाओं ने मनाया...

लिये लाया गया, जहां उनका हल्दी–कुमकुम का कार्यक्रम, भोग प्रसाद अर्पित किया गया। तत्पश्चात गवर माता को गोपाल शर्मा के यहां विश्राम के लिए ले जाया गया। तत्पश्चात उन्हें सरोपी तालाब में विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वर्णा शर्मा, मोनल माहेश्वरी, किरण शर्मा, सुधा माहेश्वरी, आरती जैन, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, संगीता माहेश्वरी, मुस्कान जैन, पायल जैन, निर्मला जैन, राखी माहेश्वरी, शकुन माहेश्वरी, कुमन राठी, कमला राठी, मंजू जैन, कमला जैन, मधु जैन, प्रभा जैन, संध्या जैन, रिद्धा जैन, वर्षा जैन आदि का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मिरैकल्स होम्योपैथी एवं आशिर्वाद डेन्टल हॉस्पिटल, बलौदाबाजार
रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर परामर्श हेतु बलौदाबाजार में
दिनांक 03 अप्रैल, गुरुवार समय-सुबह 10 से 3 बजे
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में, मेन रोड, बलौदाबाजार
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (इहोम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. पवन चौरसिया बी.डी.एस. (डेंटल सर्जन) Implantologist
डॉ. एस. चौरसिया एम. एस. (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130